# माता भगवती देवी राजकीय महिला महाविद्यालय,आँवलखेड़ा,आगरा–283201

## 2025–26 में प्रवेश हेतु आवश्यक निर्देश

1. विवरण पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ने के बाद ही ऑनलाइन प्रवेश आवेदन–पत्र भरें ।
2. प्रवेश के पश्चात् विषय परिवर्तन नहीं किया जायेगा । प्रवेश के समय छात्रा को वे ही विषय स्वीकृत किये जायेंगे जिनकों कि प्राचार्य एवं प्रवेश समिति उचित समझे एवं जिसमें स्थान उपलब्ध हों ।
3. असत्य सूचनायें देने पर प्रवेश कभी भी निरस्त किया जा सकता है।
4. प्रवेश हो जाने के बाद कभी भी छात्रा का आचरण असन्तोषजनक पाये जाने पर उसे महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है ।

## ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया (**Online Application Process**)

1. महाविद्यालय में प्रवेश हेतु डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा की समर्थ वेबसाइट **dbrau.samarth.ac.in** पर छात्रा का पंजीकरण होना अनिवार्य है । इससे अभ्यर्थी को पंजीकरण संख्या (**SRN Number**) मिलेगा जिसको फॉर्म में भरना अनिवार्य होगा । इसके बिना अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु अर्ह नहीं माना जायेगा । किसी अन्य विश्वविद्यालय के पंजीकरण से इस महाविद्यालय में प्रवेश संभव नहीं है ।
2. महाविद्यालय में प्रवेश हेतु छात्रा की **APAAR/ABC ID** होना अनिवार्य है।
3. सर्वप्रथम महाविद्यालय की Web Site:- https.mbdggdcanwalkheraagra.ac.in पर Admission Tab के अर्न्तगत Registration Fee Payment पर क्लिक करें और Course Type, Course Year, Name, Father's Name, Mother's Name, Date of Birth और Mobile Number भर कर अपना चालान रजिस्ट्रेशन फीस जमा करें ।
4. फीस जमा करने के बाद आपको Transaction ID मिलेगा । इस Transaction ID को सुरक्षित रखें ।
5. Transaction ID मिलने के बाद Apply Online पर क्लिक करें ।
6. Transaction ID और Mobile Number भरकर लॉगिन Continue पर क्लिक करें। अब ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म खुल जाएगा ।
7. अपना SRN Number, Personal Details, Academic Details, Weightage Claimed आदि भरें तथा Photo और Signature अपलोड करने के बाद अपना ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म सबमिट कर दें ।
8. आवेदन पत्र प्रिंट करे और छात्रा की कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें तथा कॉलेज कॉपी पर समस्त वांछित अंकपत्रों और प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ तत्काल महाविद्यालय में हार्ड कॉपी जमा कर दें ।
9. आवेदन पत्र की कॉलेज कॉपी जमा न करने पर प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा ।
10. मेरिट लिस्ट में नाम आने पर प्रवेश की आगे की प्रक्रिया हेतु काउंसिलिंग की निर्धारित तिथि और समय पर वेरीफिकेशन हेतु सभी अंकपत्रों और प्रमाणपत्रों की मूल प्रति भी साथ लेकर आएं ।

## प्रवेश कार्यक्रम (Schedule of Admission)

1. आनलाइन आवेदन की प्रारम्भ तिथि :– 10.05.2025
2. आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि/सूची निर्गत करने की तिथि/प्रवेश/काउन्सिलिंग की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

## पाठ्यक्रम विषय चयन एवं प्रवेश नियमावली

### कला स्नातक (बी०ए०) डिग्री पाठ्यक्रम

बी०ए० प्रथम वर्ष – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार इस सत्र 2025–26 से चार वर्षीय डिग्री कोर्स प्रारम्भ किया जा रहा है, इस हेतु अभ्यर्थी को विषय का आवंटन निम्नलिखित प्रकार से किया जाएगा –

1. मुख्य (मेजर) विषय 1 – 6 क्रेडिट
2. मुख्य (मेजर) विषय 2 – 6 क्रेडिट
3. माइनर इलेक्टिव पेपर – 6 क्रेडिट (इसे SWAYAM PORTAL द्वारा भी किया जा सकता है।)
4. व्यावसायिक/कौशल विकास कोर्स (Vocational / Skill Development Course)
   Ist Semester – Vermicompost – 3 क्रेडिट IInd Semester – Mushroom Cultivation – 3 क्रेडिट
5. सह पाठ्यक्रम (Co-Curricular Course) – 2 क्रेडिट

### **Major/Minor** विषयों का चुनाव

कुल दो मेजर विषयों एवं एक माइनर प्रश्न पत्र का चुनाव निम्नलिखित दो फैकल्टी से करना अनिवार्य है।
प्रथम – भाषा संकाय ( हिन्दी, अंग्रेजी )
द्वितीय – कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय ( गृह विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र )

नोट :– अभ्यर्थी अन्य जानकारी हेतु महाविद्यालय की वेबसाइट **www.mbdggdcanwalkheraagra.ac.in** का अवलोकन करते रहें ।